ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-12-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-12-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-12-13	2023-12-14	2023-12-15	2023-12-16	2023-12-17
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	28.0	28.0	27.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	9.0	8.0	8.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	30	36	33	31
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	16	20	22	17
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10	12	9	9	15
पवन दिशा (डिग्री)	82	92	105	356	30
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	5	0	6	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 26.0 से 28.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 07.0 से 09.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई खरपतवार नियंत्रण व फसल की अच्छी वृद्धि के लिए मैथी, ईसबगोल, सरसों व चने की फसल में निराई गुडाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 26.0 से 28.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 07.0 से 09.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	समय से बोई गई गेहूं की फसल 21 दिन की हो गई हो तो किसान भाई फसल में प्रथम सिंचाई करें तथा सिंचाई के साथ 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से दें।
सरसों	किसान भाई सरसों की फसल में फूल आते समय 40 – 45 दिन की फसल पर सिंचाई करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की फसल में रूट रोट रोग के लक्षण दिखाई देने पर पौधे को जड़ सहित उखाड़ने पर जड़ में सफेद फफूंद की वृद्धि दिखाई देती है। पौधा मुरझा कर सुख जाता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यू पी को 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।
जौ	जहॉ जौ की फसल 21 दिन की हो गई हों वहॉ प्रथम सिचांई करे। सिंचाई के साथ नत्रजन की दूसरी मात्रा डालें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए ऑक्साडाईरजिल या ऑक्सीफ्लोरफेन 50 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 20 दिन बाद छिडकाव करें।
बेर	दिन का तापमान बेर में फल भेदक के प्रकोप के अनुकूल है अतः कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये क्लोरेन्ट्रा नीलीप्रोल 18.5 एस.सी. 01 मिलीलीटर प्रति 02 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं मे न्यूमोनिया के लखण जैसे बुखार, दस्त, नाक व आंख से पानी आना दिखाई देने पर उसे तुरन्त अन्य स्वस्थ पशुओं से पृथक कर दें और निकटतम पशुचिकित्सक से परामर्श लें।